## संक्षिप्त

### 1 जुलाई को होगा सीए वीक का शुभारंभ

**कोटा, (निसं)।** इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ़ इंडिया की कोटा सीए ब्रांच की ओर से एक जुलाई को 77वां सीए डे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। एक जुलाई को मनाए जाने वाले सीए-डे को सेलीब्रेट करने के लिए ब्रांच की ओर से 1 से 7 जुलाई तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें ध्वाजारोहण, रक्तदान के साथ सेमिनार के साथ पौधारोपण कर ग्रीन कोटा क्लीन कोटा का संदेश देंगे। कोटा सीए ब्रांच के चेयरमैन सीए दीपक सिंघल ने रविवार को बताया कि कोटा सीए ब्रांच की ओर से एक जुलाई को सभी सीए सदस्य एवं सीए स्टूडेंट सीए डे के अवसर पर नई धानमंडी स्थित कोटा ब्रांच में सुबह 9 बजे ध्वजारोहण के साथ सीए डे को सेलिब्रेट कर एक-दूसरे को सीए डे की शुभकामनाएं देंगे। रक्तदान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमएचओ डॉक्टर नरेंद्र नागर होंगे। इस दौरान सीए ब्रांच कार्यालय में रक्तदान शिविर के साथ-साथ 1 जुलाई को सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक हेल्थ चेकअप शिविर का भी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सीए सदस्य व सीए स्टूडेंट्स बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। कोटा सीए ब्रांच ने इस वर्ष सीए डे के अवसर पर करीब 125 यूनिट रक्तदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके बाद शाम 5 बजे सीए सदस्य एवं उनके परिजनों के लिए एक मूवी शो का आयोजन रखा गया है जिसमें सीए सदस्य परिवार के साथ मूवी का आनंद लेंगे।

### ओपन एयर सेशन समापन समारोह

**कोटा, (निसं)।** आर.एम. मेमोरियल महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, उज्ज्वल विहार, बारां रोड, कोटा (राज.) में तीन दिवसीय ओपन एयर सेशन 'उड़ान' का समापन हुआ। समापन के मुख्य अतिथि संस्था के चैयरमेन डॉ. जफर मोहम्मद, निदेशक डॉ.परवेज खान एवं प्राचार्या द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने नृत्य, कविता, नाटक जैसी प्रस्तुतियाँ दी। संस्था के चेयरमेन सर, डारेक्टर सर और प्रगति ग्रुप ऑफ अकेडमीज़ के सभी प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय में वर्ष भर आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजताओं को पुरस्कार वितरण किया, जिसमें शिक्षक का पुरस्कार बी.एड.द्वितीय वर्ष की छात्रा रितू मालव तथा इन्टीग्रेटेड चतुर्थ वर्ष की छात्रा दुर्वा शर्मा को दिया गया एवं इन्टीग्रटेड तृतीय वर्ष की छात्रा मुस्कान मीणा ने अध्ययनरत रहकर मेडिकल परीक्षा नीट 2025 170वीं रैंक प्राप्त कर महाविद्यालय का मान बढ़ाया। बी.एड. द्वितीय वर्ष, इन्टीग्रेटेड चतुर्थ वर्ष को अच्छे शिक्षक बनने के लिए चैयरमेन सर ने अपने उद्बोधन में छात्राओं का मनोबल बढाते हुऐ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं संस्था की परम्परा के अनुसार छात्राओं को शपथ ग्रहण करवाया गया। अन्त में विभागाध्यक्ष द्वारा सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### जन्मोत्सव मनाया

**कोटा, (निसं)।** श्री प्रेमप्रकाश आश्रम, कोटा के आश्रम प्रभारी संत श्यामलाल ने बताया कि श्री प्रेम प्रकाश आश्रम (पंथ) के संस्थापक ब्रह्ममूर्ति आचार्य सतगुरु स्वामी टेऊँराम महाराज के 139वें जन्मोत्सव के उपलक्ष में आश्रम पर प्रातः हवन यज्ञ अनुष्ठान, नित्य नियम प्रार्थना के साथ चालीसा पाठ एवं आरती का आयोजन तथा सांयकालीन जन्मोत्सव कार्यक्रम में संत श्यामलाल द्वारा प्रवचन, छप्पन भोग, झांकी दर्शन और नन्ही बालिकाओं द्वारा चालीहा महोत्सव एवं गुरुमहाराज के जन्मोत्सव की नाट्य प्रस्तुति के साथ बाहर से आये हुए कलाकारों द्वारा गीत-संगीत का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें संजय चावला (गोरखपुर), भगत रमेश, गुलशन माखीजा, मीत माखीजा और मोहित पुरसवानी द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गई। आश्रम के मीडिया प्रभारी श्री हरि प्रकाश पंजवानी ने बताया कि दिनांक 30 जून 2025, सोमवार को इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु श्री प्रेमप्रकाश सेवा मण्डल, श्री प्रेमप्रकाश महिला मण्डल, श्री प्रेमप्रकाश बालिका मण्डल एवं श्री प्रेमप्रकाश युवा मण्डल की सक्रिय सहभागिता से श्री प्रेमप्रकाश आश्रम पर प्रात: हवन यज्ञ अनुष्ठान की पूर्णाहुति, गुरुमहाराज का पंचामृत से अभिषेक, नित्य नियम प्रार्थना के साथ चालीहा पाठों का भोग, ध्वज वंदना, आरतियाँ एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम तत्पश्चात सांयकालीन कार्यक्रम मे कलाकारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा साथ ही महाआरती होगी।

## राशन डीलर गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** बोरखेड़ा पुलिस टीम ने राशन के गेंहु गबन के दर्ज मामले में कार्यवाही करते हुए फर्जी तरीके से गरीबों के हक का 9800 किलो गेहुं का गबन करने वाले राशन डीलर को गिरफ्तार किया है। मामले में सामने आया कि राशन डीलर पोस मशीन पर राशन कार्ड धारको के अंगुठे लगवाकर फर्जी तरीके से इन्द्राज करकर बहाना बनाकर राशन का वितरण नही करता था। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि 24 अप्रेल को जिला रसद विभाग की प्रवर्तन निरीक्षक संध्या सिन्हा ने बोरखेड़ा थाने में शिकायत दी कि ग्राम चन्द्रेसल में स्थित उचित मूल्य दुकान के उपभोक्ताओ ने कई बार राशन डीलर जितेन्द्र दुबे के खिलाफ राशन के गेहुं वितरण नही करने की शिकायत दी थी। शहर एसपी ने बताया कि शिकायत में कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायत पर जांच की गई तो राशन की दुकान व रिकॉर्ड का निरीक्षण करने पर राशन डीलर द्वारा 9799.85 किलो गेहूं का गबन पाया गया। शहर एसपी ने बताया कि जिला रसद विभाग की प्रवर्तन निरीक्षक की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। शहर एसपी ने बताया कि मामले का गंभीरता से लेते हुए अनुसंधान के लिये पुलिस उप अधीक्षक लोकेन्द्र पालीवाल के सुपरविजन में बोरखेड़ा थानाधिकारी देवेश भारद्वाज के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। शहर एसपी ने बताया कि मामले की जांच थाने की उपनिरीक्षक ज्योति मौर्य द्वारा की गई। शहर एसपी ने बताया कि मामले की जांच में जांच अधिकारी द्वारा अपराध प्रमाणित पाये जाने पर पुलिस टीम ने कार्यवाही कि।

# 30 किलो अवैध अफीम डोडा चूरा सहित आरोपी गिरफ्तार एक नामजद

- **पुलिस टीम ने कार से अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा मिलने पर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए उक्त अवैध डोडाचूरा व अल्टो कार को जब्त कर बिशनीया निवासी कन्हैयालाल (25) को गिरफ्तार किया गया।**

**रावतभाटा, (निसं)।** पारसोली थाना पुलिस टीम ने मादक पदार्थ तस्करो के विरुद्ध धरपकड़ कार्यवाही करते हुए नाकाबंदी के दौरान एक अल्टो कार में तस्करी कर ले जाया जा रहा 30 किलो 960 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा जब्त कर भीलवाड़ा जिले के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, वहीं तस्करी में लिप्त एक अन्य आरोपी को नामजद किया गया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध रुप से मादक पदार्थों का परिवहन करने वाले तस्करों पर प्रभावी कार्यवाही के मध्यनजर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रावतभाटा भगवत सिंह हिंगड़ व डीएसपी बेगूं अंजलि सिंह के निर्देशन में थानाधिकारी पारसोली शिवराज राव के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पारसोली थानाधिकारी शिवराज राव अपनी टीम सउनि रामदयाल, कानि. जितेन्द्र, सोनाराम, शिशराम, हरिकृष्ण के साथ रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 27 कोटा-चित्तौड़गढ़ फॉरलेन काटून्दा में आकस्मिक नाकाबंदी कर वाहनो की चैकिंग कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 27 कोटा चित्तौड़गढ़ फॉरलेन पर कोटा की तरफ से एक अल्टो कार तेज गति से आती हुई नजर आयी जिसको रुकवाने पर चालक ने कार को भगाने का प्रयास किया जिसे पुलिस टीम ने घेरा देकर पकड़ा। पुलिस टीम ने मौके पर कार की तलाशी ली तो कार के अन्दर छह प्लास्टिक के कट्टो में कुल 30 किलो 960 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा पाया गया।

पुलिस टीम ने कार से अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा मिलने पर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए उक्त अवैध डोडाचूरा व अल्टो कार को जब्त कर बिशनीया निवासी कन्हैयालाल (25) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पूछताछ में आरोपी कन्हैयालाल शर्मा ने अफीम डोडाचूरा की तस्करी में भीलवाड़ा जिले के पारोली थानांतर्गत विलासपुर निवासी विजय सिंह बंजारा का भी संलिप्त होना बताया। कन्हैयालाल शर्मा एवं विजय सिंह बंजारा के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

## दो आरोपी पकड़े

**कोटा, (निसं)।** शहर की गुमानपुरा पुलिस टीम ने दो अलग-अलग कार्यवाही करते हुए एक कार्यवाही में अवैध देशी शराब के पव्वों सहित दो आरोपीयों को पकड़ा एवं दूसरी कार्यवाही में इलाके में गश्त के दौरान अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया। गुमानपुरा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर ने बताया कि शहर एसपी के निर्देश पर अवैध गतिविधियों की रोकथाम व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये अभियान चलाया जा रहा है।

थानाधिकारी ने बताया कि थाने के सहायक उपनिरीक्षक कुंवर सिंह ने मय जाप्ता इलाके मे गष्त के दौरान कार्यवाही करते हुए कोटड़ी निवासी नौसाद (41) एवं छावनी निवासी मोहम्मद शरीफ (34) को अवैध देशी शराब के 96 पव्वों सहित गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपियों के पास से ऑटो भी जब्त किया गया। थानाधिकारी ने बताया कि वही थाने के सहायक उपनिरीक्षक सुभाश चंद्र ने मय जाप्ता इलाके में गश्त चैकिंग के दौरान कार्यवाही करते हुए कैथूनीपोल निवासी एजाज (45) को अवैध हथियार चाकू सहित गिरफ्तार किया।

## दो मासूम बच्चों सहित पिता की मौत

**कोटा, (निसं)।** उद्योग नगर थाना क्षेत्र के डीसीएम इलाके में रविवार को डंपर की चपेट में आने से बाईक सवार युवक सहित उसके दो मासूम बच्चों की मौत हो गई एवं हादसे में महिला घायल हो गई, जिसे उपचार के लिये एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार रानपुर निवासी कृष्ण कहार परिवार के साथ मोटरसाईकिल से रानपुर से कंसुआ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिये निकला था। उद्योग नगर इलाके के डीसीएम में डंपर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन को चलाते हुए मोटरसाईकिल सवार को टक्कर मारकर बाईक सवार परिवार को कुचल दिया।

हादसे में कृष्ण कहार व उसके दो मासूम बच्चो की मौत हो गई। उद्योग नगर थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि रानपुर निवासी कृष्ण कहार (32) अपने दो बच्चों एक चार महीने का बेटा पार्थ और तीन वर्षीय बेटी यशस्वी व पत्नी ज्योति (30) के साथ मोटरसाईकिल से रानपुर से कंसुआ आने के लिये निकला, डीसीएम सें भामाशाह मंडी की ओर जाने वाली रोड़ पर डंपर चालक ने बाईक सवार को टक्कर मार दी।

थानाघिकारी ने बताया कि डंपर की चपेट में आने से कृष्ण कहार और दो बच्चे यशस्वी व पार्थ की मौत हो गई एवं हादसे में कृष्ण कहार की पत्नी ज्योति गंभीर रूप से घायल हो गई जिसका उपचार अस्पताल में जारी है।

# भारत गौरव ट्रेन से दक्षिण भारत की दिव्य यात्रा

**कोटा, (निसं)।** दक्षिण भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों पर भ्रमण करने के उद्देश्य से चर्चित भारत गौरव एक्सप्रेस चलने का फैसला लिया गया है जो बिहार और झारखंड सहित अनेक राज्यों के लोगों को दक्षिण भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों तक ले जाएगी। भागलपुर स्टेशन से इस भारत गौरव एक्सप्रेस की शुरुआत होगी और 12 दिवसीय यात्रा के तहत यात्रियों को तिरुपति, रामेश्वर, मदुरई, कन्याकुमारी और मल्लिकार्जुन के दर्शन करवायेगी। आईआरसीटीसी की इस विशेष पर्यटक ट्रेन के द्वारा भक्तों को दक्षिण भारत के कुछ सबसे प्रतिष्ठित मंदिरों और पवित्र है।

## डेढ़ साल में 44 नए जीएसएस स्थापित हुए : ऊर्जा मंत्री

**कोटा, (निसं)।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि पिछले डेढ़ साल में प्रदेश में 44 नए ग्रिड सब स्टेशन स्थापित किए गए हैं। हमारा लक्ष्य 5 साल में कुल 200 नए जीएसएस स्थापित करने का है। उन्होंने कहा कि सुदृढ़ प्रसारण तंत्र विकसित कर राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में सिरमौर बनाया जाएगा। नागर रविवार को इंडस्ट्रियल एरिया, कोटा में प्रस्तावित 220 केवी के नए ग्रिड सब-स्टेशन को लेकर निरीक्षण के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि 132 केवी के जीएसएस को अपग्रेड कर 220 केवी का बनाने के स्थान पर नया 220 केवी का जीएसएस स्थापित किया जाए ताकि मजबूत प्रसारण तंत्र विकसित हो सकें। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश में बिजली की कोई कमी नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री का विजन है कि 2027 से पहले सभी किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध हो। अभी 75 प्रतिशत किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। बाकी बचे किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने के लिए नए जीएसएस स्थापित किए जा रहे हैं और पुराने जीएसएस को अपग्रेड किया जा रहा है। नागर ने कहा कि पिछले डेढ़ साल में सौर एवं पवन ऊर्जा के क्षेत्र में भी काफी काम हुआ है। सौर एवं पवन ऊर्जा की क्षमता में वृद्धि से पीक हावर्स में मांग पूरी करने में मदद मिलेगी साथ ही सस्ती और पर्याप्त बिजली उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी एवं कोल इंडिया जैसे केन्द्रीयउपक्रमों के साथ 2060 करोड़ रुपए के एमओयू हुए हैं। वर्ष 2030 तक केन्द्र सरकार का लक्ष्य ऊर्जा उत्पादन क्षमता बढ़ाकर 500 गीगावॉट करने का है, इसमें 125 गीगावॉट का योगदान राजस्थान का रहेगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में आने वाले समय में राजस्थान पॉवर हब के रूप में जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस गति से परियोजनाएं स्वीकृत हो रही हैं हमें कार्य की गति भी उतनी ही बढ़ानी होगी।

**खोया पाया**

हमारे मकान संख्या 1-ग-4 दादाबाडी का मूल कब्जा पत्र, इन्वेन्ट्री एवं अदेय प्रमाण पत्र कही खो गया है। मिलने पर संपर्क करें।

**सम्पर्क सूत्र-अनिल जैन एवं अजय कासलीवाल**

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिये सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम 01 बारां
विमल कुमार जैन बनाम फर्म मैसर्स आकांक्षा ऐजेंसीज वगै.
दावा वास्ते वसूली रकम मूल राशि 5,00,000/-रुपये एवं दायरी दावा तक ब्याज 36,000/-रुपये कुल 5,36,000/-रुपये अक्षरे पांच लाख छत्तीस हजार रुपये
प्रकरण संख्या 14/2024
बनाम:-
01. फर्म मैसर्स आकांक्षा ऐसेन्सीज, दीनदयाल पार्क के पास बारां जिला बारां, 02. श्रीमती रेणु पत्नी स्व. श्री कमल कुमार अग्रवाल निवासी दीनदयाल पार्क के पास बारां जिला बारां (राज.) हाल निवासी वासुदेव रेजीडेंसी तलवंडी कोटा जिला कोटा (राज.), 03. रिषिका पुत्री स्व. श्री कमल कुमार अग्रवाल निवासी दीनदयाल पार्क के पास बारां जिला बारां (राज.) हाल निवासी वासुदेव रेजीडेंसी तलवंडी कोटा जिला कोटा (राज.), 04. देवांश पुत्र स्व. श्री कमल कुमार अग्रवाल नाबालिग जर्यवली संरक्षक प्राकृतिक माता श्रीमती रेणु पत्नी स्व. श्री कमल कुमार अग्रवाल निवासी दीनदयाल पार्क के पास बारां जिला बारां (राज.) हाल निवासी वासुदेव रेजीडेंसी तलवंडी कोटा, 05. मनोज कुमारी पत्नी स्व. श्री चन्द्रमोहन जाति महाजन निवासी दीनदयाल पार्क के पास बारां जिला बारां (राज.)
वादी ने आपके विरूद्ध उपरोक्त आशय का वाद संस्थित किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 05 माह 07 सन् 2025 को दिन में दिन में 10.30 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) के लिये समय दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन की प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें। जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुरझाई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिपक्षी या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं। तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लेखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह आज तारीख 3 माह 06 सन 2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
मोहर अदालत
आदेशानुसार
वरिष्ठ रीडर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम 01 बारां जिला बारां (राज.)

## संस्कार भारती के अध्यक्ष बने पंकज सिसोदिया

**बून्दी।** लाल कोठी में संरक्षक जयप्रकाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित संस्कार भारती बूंदी की कार्यकारिणी बैठक में सत्र 2025 - 26 के लिए पंकज सिसोदिया को संस्कार भारती का सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर कलाविज्ञ नंदप्रकाश शर्मा नंजी, लीलाधर शर्मा, महामंत्री रवि प्रकाश सेन, हुकमचंद, सुनिल जांगिड़, महिला प्रमुख सुनीता प्रभु तथा वर्तमान अध्यक्ष भंवर सिंह जी सोलंकी उपस्थित रहे। इस दौरान संस्कार भारती के अध्यक्ष पंकज सिसोदिया के चुने जाने पर सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# मेव प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**कोटा, (निसं)।** इंडियन मेव डेवलपमेंट ट्रस्ट द्वारा कोटा शहर में बाबा जगलीशाह में दिनाक 28 जून 2025 को मेव प्रतिभा सम्मान समरोह आयोजित किया गया जिसमे मुस्लिम मेव बिरादरी के कक्षा 10 वी और 12 वी में मेधावी श्रेणी में उत्तीर्ण 70 प्रतिशत, ग्रेजुएशन में 70प्रतिशत, छम्म्ज-2025 में क्वालिफ़ाई रैंक पाने वाले और खेल प्रतियोगिता में राज्यस्तरीय, नैशनल लेवल पर खेले लगभग 61 बच्चो को मोमेंटों और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिसमें सरपस्ती शहर काजी कोटा जुबैर अहमद, मुख्य अतिथि जिला जज स्थाई लोक अदालत भीलवाड़ा शहाबुद्दीन, अध्यक्षता अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी महासंघ राजस्थान हारून, विशिष्ट अतिथि रिटायर्ड जज शमशुद्दीन, विशिष्ट अतिथि उपरजिस्ट्रार बाल अधिकारिता विभाग टोंक नवल खान, अथिति रविन्द्र सिंह, गुल मोहम्मद रहे कार्यक्रम की शुरुआत में इंडियन में डेवलपमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष हाजी अब्दुल गानी ने अतिथियों का माला पहनकर साफा बांध कर सम्मान किया अतिथियों ने मुस्लिम मेव बिरादरी के होनहार बच्चों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर उनकी हौसला अफजाई की।

इंडियन मेव डेवलपमेंट ट्रस्ट के सदस्य डॉक्टर रियाज खान मेव ने बताया कि यह हाड़ौती का मुस्लिम मेव बिरादरी में पहला प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम है जिसमें दूर-दूर से आए मेधावी बच्चों, डॉक्टरों और इंजनियरों और खेलों में प्रतिभा दिखा मैडल प्राप्त किये बच्चों का सम्मान मेहमाने खुसूसी लियाकत अली भंवरगढ़, मकसूद अली खीमच, सईद ढाबादेह, अब्दुल जब्बार चैयरमेन दिलवारा, सहजाद भीमपुरा, जाहिद हुसैन मेव, हैदर, हाजी जाकिर मेव, गनी मास्टर, पपल, अख्तर ने किया। इस कार्यक्रम में इंडियन मेव डेवलपमेंट टेस्ट के कार्यकारिणी सदस्य जब शाहिद, हनीफ, खुर्शीद, जहीर, इस्माइल, जब्बार, अशफाक, सलीम, अयाज, मेराज आसिफ मौजूद रहे।

दो दिवसीय कैंप

कोटा। मिनिस्ट्री ऑफ आईटी मंत्रालय के अंतर्गत संचालित सीएससी व न्यू पब्लिक स्कूल की ओर से सोमवार ओर मंगलवार को केंद्र सरकार की योजनाओं का कैंप का आयोजन न्यू पब्लिक स्कूल विज्ञान नगर एवं जवाहर नगर में किया जाएगा समय 11 बजे से प्रारंभ होगा। कैंप के आयोजनकर्ता न्यू पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर निरंकुश गौतम व सीएससी के जिला प्रबंधक विकाश तुरावा ने बताया कि कैंप में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन, जनधन खाते, प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना, मजदूर डायरी, प्रधानमंत्री पीएम श्रम योगी मानधन योजना, वह स्वनिधि योजना के बारे में आम नागरिकों को जानकारी दी जाएगी साथ कैंप में आने वाले नागरिकों के रजिस्ट्रेशन किए जाएंगे। कैंप का उद्देश्य आम नागरिकों तक केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंच सके। दस्तावेज आधार कार्ड, बैंक की पासबुक,राशन कार्ड,पेन कार्ड, जन आधार कार्ड साथ में लेकर आए।

# साध्वी मंडल ने अपनी गुरुणी के आदेश पर उग्र विहार करके रामगंजमंडी पधारी

**रामगंजमण्डी,( निसं )।** परम पूज्य मरुधरा केसरी जैन श्वेताम्बर समाज की शान वरिष्ठ साध्वी मणीप्रभा श्रीजी की शिष्याएं परम पूज्य विदुषी साध्वी अक्षय निधीजी, आगम निधीजी व धैर्य निधीजी मा.सा. रविवार को रामगंजमंडी पधारें। रामगंजमंडी के आदिनाथ जैन श्वेताम्बर भी संघ के अध्यक्ष राजकुमार पारख ने बताया कि तीनों साध्वियां जयपुर से पैदल विहार करके झालावाड चार्तुमास करने जा रही हैं।

गुरुणी के आदेश पर किया उग्र पैदल बिहार-जयपुर में विराजमान परम पूज्या मरुधर केसरी मणीप्रभा श्रीजी ने अपनी तीनों शिष्याओं को आदेश दिया था कि झालावाड जाने से पहले रामगंजमंडी जरूर जाना। यह बात साध्वी अक्षय निधीजी ने उपस्थित लोगों के बीच कही और यह कहा कि हमारा रामगंजमंडी आने का कोई विचार नही था। लेकिन हमारी गुरुणीजी के आदेश से आये हैं, यह दर्शाता है कि वरिष्ठ साध्वी मणीप्रभा श्रीजी का रामगंजमंडी श्री संघ से कितना लगाव है। श्री संघ ट्रस्ट अध्यक्ष राजकुमार पारख ने बताया कि अपनी गुरुणी के आदेश की पालना में तीनों साध्वियों ने शनिवार को कसार से कमलपुरा तक 30 किलोमीटर और रविवार सुबह 20 किलोमीटर का पैदल उग विहार किया। रविवार को सुबह रामगंजमंडी पहुंचने पर बापना पेट्रोल पम्प पर जैन श्वेताम्बर समाज के सैंकड़ों पुरुष और महिलाओं ने अगवानी की और अक्षत नारियल से गवली की। इसके बाद ढोल-नगाड़ों के साथ शहर के बाजार नं. 3 मे स्थित मंदिर लेकर आये, बीच मे जितने घर समाज जनों के स्थित है वहां भी अक्षत और नारियल से गवली की गई। महिला मंडल ने मंदिर के मुख्य द्वार पर गवली की। तीनों साध्वियों ने मंदिर में विराजित मूल नायक भगवान आदिनाथ के समक्ष चैत्र वंदन किया और दादावाड़ी में चारों दादा गुरुदेव को नमन एवम्वं दन किया। इसके पश्चात साध्वी अक्षय निधीजी ने सभी उपस्थित लोगों को मंगलिक सुनाई।

श्री संघ सबसे बड़ा-साध्वी आक्षय निधिजी ने कहा कि साधु साध्वीयों से भी बड़ा श्री संघ होता है। साधु-साध्वीयों की रक्षा एवं उनको मार्गदर्शन श्री संघ ही देता है। श्री संघ के निर्णय के खिलाफ किसी को नहीं जाना चाहिये और श्री संघ के पदाधिकारीयों को सबको साथ लेकर चलना चाहिये। दोपहर मे 2.30 बजे से 4 बजे तक साध्वी मंडल ने स्वाध्याय और धार्मिक चर्चा की। अगवानी में विजय कुमार छाजेड, सुभाष बापना, सुधीर पारख ज्ञानचंद बम, राजेश लोढा, प्रदीप तिल्लानी विजय डांगी, राजेश छाजेड, दिलीप तिल्लानी, रिषभ बापना, प्रदीप चतर, राजेन्द्र रांका, अभय बोदरा, शेखर बापना, सुरेन्द्र बापना कमल छाजेड़, मंगल डांगी, पूनमचंद मेहता आशीष डागा, हर्ष बल्दुआ, धर्मचंद जैन, यशवंत बापना महिला मंडल से पूर्व पार्षद साक्षी पारख, सारिका पारख, नीतू छाजेड, मधु डांगी, अंगूरबाला बम, राजुल चतर,पदमा डांगी, शिल्पा रांका, आशा डांगी, शशि बापना, प्रीती बापना, वीणा बापना, अन्नपूर्णा बोथरा, रेखा लोढा, सुनीता बापना, रीटा सखलेचा, निशा डागा, खुशी शंका राजुल बोथरा व उर्वशी बल्दुआ सहित वर्धमान स्थानक संघ के मंत्री अजीत पारख सहित कई लोग उपस्थित रहे। वहीं दरा स्टेशन से रामगंजमंडी तक पैदल विहार मे श्री संघ ट्रस्ट के पार्षद श्रेयांश पारख, गौरव बापना शामिल हुए।

## सांख्यिकी दिवस पर सेमीनार का आयोजन

**कोटा, (निसं)।** 19वां सांख्यिकी दिवस समारोह के अवसर पर सांख्यिकीविद् प्रो.प्रशान्त चन्द्र महानलोविस के जन्म दिवस पर आर्थिक एवं सांख्यिकी कार्यालय में 19वां सांख्यिकी दिवस का आयोजन सेमीनार के साथ किया गया। प्रो. प्रशान्त चन्द्र महानलोविस के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से सेमीनार का शुभारंभ किया। उक्त जानकारी संयुक्त निदेशक आर.एन.मालव ने दी। उन्होंने उपस्थित सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ जिले के विभिन्न विभागों के कर्मियों को संबोधित कर सेमिनार के विषय वस्तु की जानकारी दी। संयुक्त निदेशक ने बताया कि राष्ट्र व राजस्थान गौरव को अक्षुण्य बनाये रखने के साथ कोटा के लिए संकल्पित पंच गौरव कोटा डोरिया व अन्य के प्रोत्साहन पर विचार हुआ, सभी ने तन-मन सेवाभाव से कार्य करने का दृढ़-निश्चय लिया।

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**
क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/568 **विज्ञप्ति** दिनांक:-24.6.2025
सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम देवली अरब में स्थित कृषि भूमि योजना उज्जवल विहार भूखण्ड संख्या सी-43/ए खसरा नं. 39 आवेदक/आवेदिका श्री राधेश्याम कोली पुत्र श्री चंदालाल कोली निवासी 220 कोलोयान बस्ती जलवाडा अटरू जिला बारां राज.द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 4 दिनांक 10/04/2023 को श्रीमती कमरून निशा पत्नि श्री अब्दुल हसीब खान के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 08/03/2025 को जर्ये मुख्तारआम मनन रोड पुत्र श्री यशवेन्द्र सिंह द्वारा आवेदक के पक्ष में किया गया है।
अत: श्री राधेश्याम कोली पुत्र श्री चंदालाल कोली के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।
उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**
क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/580 **विज्ञप्ति** दिनांक:-27.6.2025
सर्व साधारण को जर्ये विज्ञति सूचित किया जाता है कि ग्राम कुन्हाडी में स्थित कृषि भूमि योजना कृष्णा विहार भूखण्ड संख्या 157 का पश्चिमी भाग खसरा नं. 375/450 आवेदक/आवेदिका श्री विपिन गौतम पुत्र श्री रामेश्वर प्रसाद गौतम निवासी प्लाट नं. 157-बी कृष्णा विहार कुन्हाडी कोटा राज. द्वारा ऑन लाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 653 दिनांक 24/12/2020 को श्रीमती वीणापाणी गौत्तम पत्नि श्री रामेश्वर प्रसादर गोत्तम के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 22/04/2025 को हो चुकी है। पट्टाधारी द्वारा अपने जीवनकाल में जर्ये रजि. वसीयतनामा दिनांक 26/05/2025 से आवेदक के पक्ष में किया गया है।
अत: श्री विपिन गौतम पुत्र श्री रामेश्वर प्रसाद गौतम के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।
उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

## लायंस क्लब कोटा टेक्नो को नवाज़ा

**कोटा, (निसं)।** लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233-ई-2 द्वारा किशनगढ़ अजमेर में रविवार को डिस्ट्रिक्ट अवार्ड समारोह आयोजित किया गया जिसमें कोटा से पहुंचे लायंस क्लब कोटा टेक्नो को सर्वाधिक दस पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। लायंस क्लब कोटा टेक्नो के निदेशक भुवनेश गुप्ता व रजनी गुप्ता के अनुसार क्लब को वर्षपर्यंत सेवाकार्य की गतिविधियों को बढ़ावा देने व आमजन को लाभान्वित करने के लिए क्लब अध्यक्ष ए.के.गुप्ता को डायमंड अध्यक्ष व सचिव दीपक गुप्ता को बेस्ट सचिव की केटेगरी में सम्मानित किया गया। समारोह में। ब्लड डोनेशन में उत्कृष्ट सेवाकार्यों के लिए भुवनेश गुप्ता का सम्मान किया गया। अन्य सम्मान में रजनी गुप्ता को एक्शन हॉलिडे उत्कृष्ट सेवा, निधि गुप्ता को लायन क्वेस्ट सेवा, रेणु गुप्ता को मोरल एजुकेशन के लिए व नीलम गुप्ता को सेवा कार्यों में विशिष्ट योगदान देने के लिए, पर्यावरण सेवा ह्यूमैनिटी सेवा, रक्तदान सेवा के लिए नवाज़ा गया। ये सम्मान पूर्व इंटरनेशनल डायरेक्टर वी.के. लड़िया, पूर्व प्रांतपाल दिलीप तोषनीवाल आगामी गवर्नर रामकिशोर गर्ग व वाईस डिस्ट्रिक्ट प्रांतपाल निशांत जैन के कर कमलों से प्रदान किया गया।

# दशहरा मैदान बनेगा भक्ति धाम, मुरलीधर महाराज की वाणी में बहेगी श्रीराम कथा की अमृत धारा

- **2 जुलाई से कोटा में भव्य श्रीराम कथा महोत्सव का शुभारम्भ**
- **श्रीराम कथा महोत्सव के आयोजक अशोक जाजोदिया ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए कथा स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। आयोजन को भव्य और सर्वसुविधायुक्त बनाने हेतु समर्पित टीम कार्यरत है।**

**कोटा, (निसं)।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन आदर्शों, त्याग, सेवा और धर्म की प्रेरणा को जनमानस तक पहुंचाने के उद्देश्य से "श्रीराम कथा महोत्सव" का भव्य आयोजन आगामी 2 जुलाई से 10 जुलाई 2025 तक दशहरा मैदान स्थित श्रीराम रंगमंच, कोटा में किया जाएगा। श्रीराम कथा सेवा समिति की संरक्षक डॉ.अमिता बिरला ने बताया कि इस पावन प्रसंग पर संत मुरलीधर महाराज की अमृतवाणी में श्रीराम कथा श्रवण का पुण्य अवसर श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 2.30 बजे से शाम 6.30 बजे तक होगी। कथा से एक दिन पूर्व 1 जुलाई को पूज्य महाराज श्री कोटा की धरती पर आयेंगे, जहां उनका भव्य स्वागत करेंगे। यह श्रीराम कथा महोत्सव न केवल एक धार्मिक आयोजन है, बल्कि यह कोटा शहर में आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरूकता की एक नई लहर का संचार करेगा। उन्होंने बताया कि श्रीराम कथा महोत्सव के प्रथम दिवस पर रामचरितमानस के माहात्म्य का वर्णन किया जाएगा, अगले दिन पार्वती-शिव विवाह और श्रीराम जन्म के कारण, तीसरे दिन श्रीराम जन्मोत्सव का उल्लासमय आयोजन होगा, जिसमें प्रभु की बाल-लीलाओं और अहिल्या उद्धार जैसे करुणा से ओत-प्रोत प्रसंगों का भावमय वर्णन किया जाएगा। चौथे दिन जनकपुरी में धनुष भंग, पांचवे दिन श्रीराम-लक्ष्मण और परशुराम संवाद, छठे दिन श्रीसीता-राम विवाह का मंगल प्रसंग, सातवें दिन श्रीराम वनवास और केवट प्रसंग का मार्मिक चित्रण होगा। आठवें दिन भरत मिलाप और श्रीराम-भरत संवाद जैसे हृदयस्पर्शी प्रसंग होंगे। महोत्सव के अंतिम दिन रामराज्य की स्थापना का चित्रण किया जाएगा, जिसमें आदर्श शासन, लोककल्याण और नीति आधारित राजधर्म का स्वरूप सामने आएगा।

श्रीराम कथा महोत्सव के आयोजक अशोक जाजोदिया ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए कथा स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। आयोजन को भव्य और सर्वसुविधायुक्त बनाने हेतु समर्पित टीम कार्यरत है।

कथा के दौरान श्री सालासर सेवा समिति की ओर से चरण पादुका सेवा की जाएगी। श्रीराम कथा के प्रचार-प्रसार की परंपरा अनुसार श्रद्धालुओं को पीले चावल बांटकर आमंत्रित किया जा रहा है। इस दौरान मीरा बजारी, आनन्द जाजोदिया, राजीव बजारी, के.के. तिवारी सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## अभियान जोरों पर

**कोटा, (निसं)।** कोटा में मानसून के आगमन के साथ ही ग्रीन आर्मी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा एक बड़ा पौधारोपण अभियान चलाया गया। रावण चौराहा श्रीनाथपुरम में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप मेन के साथ मिलकर 101 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप मेन के वर्तमान अध्यक्ष अभिषेक जैन अपने जन्मदिन के उपलक्ष में पौधारोपण में सक्रिय भाग लिया और सभी से पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया। ग्रीन आर्मी की पहल ग्रीन आर्मी वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष श्रीमती मंजू जैन ने बताया कि उनकी संस्था ने पौधारोपण के साथ-साथ इन पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी ली है। सभी पौधों को जाली बांस से सुरक्षित किया गया है ताकि वे बड़े हो सकें और पर्यावरण को लाभ पहुंचा सकें। कार्यक्रम में कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे, सुरेश चंदवाड़ (करेह फेडरेशन राष्ट्रीय कार्य अध्यक्ष एवं चेयरमैन पर्यावरण), राकेश पटौदी (करेह फेडरेशन राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव), नीना चंदवाड़ (करेह फेडरेशन राष्ट्रीय सांस्कृतिक प्रभारी), सोनिशा जैन (करेह फेडरेशन राष्ट्रीय निर्देशक मंडल) एवं करेह कोटा मेन सत्र 2025 दिशा जैन, सचिव दीपांश जैन और कोषाध्यक्ष पीयूष जैन, हरमीत सिंह आनंद मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पालिका छबड़ा जिला बारां (राज.)**
क्रमांक:-न.पा.छ./2025/2991 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक:-20.06.2025
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति द्वारा राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 "क" की उपधारा (B) के अधीन स्थानीय प्राधिकरण के न्यायधीश रखी गई भूमि का नियमितिकरण और आवंटन हेतु अधिसूचना क्रमांक एफ 3 (50) यूडीएच/3/2012 मई 31, 2012 के अध्याय 3 के बिन्दु सं. 16 के प्रावधानों के अन्तर्गत राजस्थान नगरीय क्षैत्र (कृषि भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 2012 के 22 अन्तर्गत नियमितिकरण/आवंटन हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रमाण के 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर दें। समयावधि गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | आवेदक/हितबद्ध व्यक्ति का नाम | खसरा सं. | स्थान/कॉलोनी का नाम | भूखंड सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री राजमल सुमन आत्मज श्री बद्रीनारायण जाति माली निवासी छबड़ा तह. छबड़ा जिला (बारां) | 353/1 | नेशनल पार्क कॉलोनी छबड़ा | 50 | 25x40=1000 वर्गफीट |

नोट:-उक्त भूखंड अनुमोदित योजना के ले-आउट प्लान की सीमा से बाहर व मास्टर प्लान 2023 में दर्शित भू-उपयोग से भिन्न होने की स्थिति में पत्रावली निरस्त कर दी जावेगी।
अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका छबड़ा

**कार्यालय नगर पालिका छबड़ा जिला बारां (राज.)**
क्रमांक:-न.पा.छ./2025/2988 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक:-20.06.2025
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति द्वारा राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 "क" की उपधारा (B) के अधीन स्थानीय प्राधिकरण के न्यायधीश रखी गई भूमि का नियमितिकरण और आवंटन हेतु अधिसूचना क्रमांक एफ 3(50) यूडीएच/3/2012 मई 31, 2012 के अध्याय 3 के बिन्दु सं. 16 के प्रावधानों के अन्तर्गत राजस्थान नगरीय क्षैत्र (कृषि भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 2012 के 22 अन्तर्गत नियमितिकरण/आवंटन हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रमाण के 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर दें। समयावधि गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | आवेदक/हितबद्ध व्यक्ति का नाम | खसरा सं. | स्थान/कॉलोनी का नाम | भूखंड सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री हरिशंकर आत्मज श्री रंगलाल जाति मालव निवासी छबड़ा तह. छबड़ा जिला (बारां) | 630 | उज्जवल विहार आवासीय कॉलोनी छबड़ा | 56 | 22+29x40/2 =1020 वर्गफीट |

नोट:-उक्त भूखंड अनुमोदित योजना के ले-आउट प्लान की सीमा से बाहर व मास्टर प्लान 2023 में दर्शित भू-उपयोग से भिन्न होने की स्थिति में पत्रावली निरस्त कर दी जावेगी।
अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका छबड़ा